अनुक्रमांक ......................................  समय : 2.00 घण्टा

नाम ..............................................  पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2019
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'पिट्स इण्डिया एक्ट' पारित हुआ- **(1)**

(A) 1773 ई. में (B) 1784 ई. में
(C) 1763 ई. में (D) 1813 ई. में

**2.** तुज्क बाबरी की भाषा है - **(1)**

(A) उर्दू (B) हिन्दी
(C) फारसी (D) तुर्की

**3.** चित्रकला का सर्वाधिक विकास हुआ- **(1)**

(A) बाबर के शासनकाल में (B) हुमायूँ के शासनकाल में
(C) जहाँगीर के शासनकाल में (D) औरंगजेब के शासनकाल में

**4.** स्थाई बन्दोबस्त प्रणाली शुरू की- **(1)**

(A) लॉर्ड हेस्टिंग्स ने (B) लॉर्ड क्लाइव ने
(C) लॉर्ड कार्नवालिस ने (D) लॉर्ड डलहौजी ने

**5.** इलाहबाद की सन्धि हुई- **(1)**

(A) 1760 ई. में (B) 1764 ई. में
(C) 1765 ई. में (D) 1774 ई. में

**6.** नकदी फसल है- **(1)**

(A) गेहूँ (B) गन्ना
(C) धान (D) मक्का

**7.** राज्य सभा का पदेन सभापति होता है- **(1)**

(A) राष्ट्रपति (B) उप-राष्ट्रपति
(C) प्रधानमंत्री (D) लोकसभा अध्यक्ष

**8.** भारत में कुल कितने उच्च न्यायालय हैं- **(1)**

(A) 24 (B) 25
(C) 28 (D) 29

**9.** भारतीय संविधान की किस अनुसूची में केन्द्र और राज्यों के मध्य शक्तियों का विभाजन है- **(1)**

(A) पाँचवीं अनुसूची में (B) छठी अनुसूची में
(C) सातवीं अनुसूची में (D) आठवीं अनुसूची में

**10.** किस वर्ष भारतीय नागरिकों के मौलिक कर्तव्य संविधान में जोड़े गये- **(1)**

(A) 1972 ई. में (B) 1976 ई. में
(C) 1978 ई. में (D) 1980 ई. में

**11.** भारत में सर्वोतम कोयला खान कहाँ है- **(1)**

(A) झरिया (B) रानीगंज

(C) बोकारो (D) गिरिडीह

**12.** "शायद ही कोई ऐसा उद्योग हो जो लोहे और इस्पात के बिना सुचारू रूप से चल सके।" यह कथन है- **(1)**

(A) वी. आर. राव का (B) कार्ल मार्क्स का

(C) मार्शल का (D) स्मिथ का

**13.** निम्नलिखित में से कौन सा केन्द्र सरकार की आय का स्रोत है- **(1)**

(A) भू-राजस्व (B) मनोरंजन कर

(C) सीमा शुल्क (D) गृह कर

**14.** नीति आयोग का गठन कब हुआ- **(1)**

(A) 1 जनवरी 2014 को (B) 1 जनवरी 2015 को

(C) 26 जनवरी 2015 को (D) 15 अगस्त 2014 को

**15.** देश की मुद्रा की पूर्ति को नियमित करने का अधिकार है- **(1)**

(A) भारतीय स्टेट बैंक को (B) सेबी को

(C) भारतीय रिजर्व बैंक को (D) वित्त मंत्रालय को

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने और कब की? **(1)**

**17.** शेरशाह सूरी के बचपन का नाम क्या था? **(1)**

**18.** अकबरनामा की रचना किसने की? **(1)**

**19.** जहाँगीर द्वारा जारी किए गए सिक्कों की मुख्य विशेषता क्या थी? **(1)**

**20.** मराठा शक्ति का उत्कर्ष किसके शासनकाल में हुआ? **(1)**

**21.** भारत में यूरोपीय शक्तियों का आगमन किस उद्देश्य से हुआ? **(1)**

**22.** प्लासी का युद्ध किसके बीच हुआ था? **(1)**

**23.** रेगुलेटिंग एक्ट कब पारित हुआ? **(1)**

**24.** लॉर्ड डलहौजी ने राज्यों को हड़पने के लिए किस नीति का प्रयोग किया? **(1)**

**25.** संसद के दोनों सदनों के नाम लिखिए। **(1)**

**26.** राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है? **(1)**

**27.** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु कितनी है? **(1)**

**28.** भारत में सौर ऊर्जा के उत्पादन के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ क्यों हैं? **(1)**

**29.** व्यावसायिक बैंक (वाणिज्यिक बैंक) के दो प्रमुख कार्य लिखिए। **(1)**

**30.** भारत के दो पड़ोसी देशों के नाम लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** शेरशाह सूरी द्वारा किए गए प्रशासनिक सुधारों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। **(2)**

**32.** अकबर की धार्मिक नीति 'दीन-ए-इलाही' की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**33.** इलाहाबाद की सन्धि की मुख्य शर्तों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**34.** मराठा साम्राज्य के पतन के मुख्य कारणों की समीक्षा कीजिए। **(2)**

**35.** भारत के राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**36.** लोकसभा के गठन और उसकी योग्यताओं का सविस्तार वर्णन कीजिए। **(2)**

**37.** उच्चतम न्यायालय (सर्वोच्च न्यायालय) का न्यायाधीश बनने हेतु क्या-क्या योग्यताएँ होनी चाहिए? **(2)**

**38.** व्यावसायिक बैंक (वाणिज्यिक बैंक) के प्रमुख कार्यों की विवेचना कीजिए। **(2)**

**39.** केन्द्र सरकार की आय के प्रमुख स्रोतों का सविस्तार वर्णन कीजिए। **(2)**

**40.** भारत के उत्तरी विशाल मैदान का भौगोलिक वर्णन कीजिए तथा इसके महत्व को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/samajik-adhyayan/2019

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN